Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 13-12-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

an>

Title: Need to renovate and promote Khimlasa Rahatgarh and Gadpahara forts of Madhya Pradesh as tourist spots.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर): मान्यवर, मेरे संसदीय क्षेत्र के खिमलासा के किले का गौरवमयी इतिहास है। इसकिले में प्रवेश द्वार से भीतर जाने के स्थान से लेकर अंदर के सभी भवन - मंदिर, मस्जिद, बावड़ी आज भी काफी आर्काण एवं रहस्य को लिये हैं, काफी दर्शनीय हैं। इस किले के अंदर दो बावड़ियां हैं, जिनमें से एक बावड़ी द्वारा ही गर्मी के दिनों में खिमलासा की काफी बड़ी आबादी को पेयजल उपलब्ध होता है। अनेक गुप्त रास्ते इस किले के विभिन्न स्थानों पर बने हुए हैं। किंतु पुरातत्व विभाग की उपेक्षा के कारण तथा पर्याप्त मरम्मत के अभाव में ऐतिहासिक किले का उड़िया दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गया है जो कभी भी ढह सकता है। इस कारण बड़ी दुर्घटना होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

ऐतिहासिक खिमलासा किला पुरातत्व विभाग के अधीन है। किले की सुरक्षा एवं देखभाल का दायित्व विभाग पर है लेकिन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। पुरातत्व विभाग से इसकी मरम्मत एवं रखरखाव हेतु समय-समय पर राशि उपलब्ध कराई जाती है लेकिन कर्मचारियों की उपेक्षा के कारण किले का फांसी दरवाजा और बसाहरी दरवाजा क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। अब उड़िया दरवाजा भी अपना अस्तित्व खोने जा रहा है। यदि जल्द ही दरवाजे की मरम्मत नहीं कराई जाती है तो कभी भी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय व्यक्तियों द्वारा दरवाजे की मरम्मत एवं किले का जीर्णोद्वार कराये जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय से अनुरोध है कि खिमलासा किले का शीघ्र ही जीर्णोद्धार कराया जाये तथा इसके साथ ही राहतगढ़ एवं गढ़पहरा के किलों का जीर्णोद्धार कराकर इन स्थानों पर पर्यटन सुविधाओं का ि वस्तार कराने में सहयोग करें।